**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 08.05.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आज प्रदेश के सभी जिलों में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किए गए।**
- **हायर सेकेंडरी परीक्षा की उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन में लापरवाही बरतने वाले तीस शिक्षकों के खिलाफ की गई कार्रवाई।**
- **देशभर सहित छत्तीसगढ़ में कल नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।**
- **प्रदेश में कल एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी।**

**<u>मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना</u>**

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आज प्रदेष के सभी जिलों में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किए गए। इस प्रदेषव्यापी आयोजन में दो हजार तीन सौ से अधिक जोड़े विवाह बंधन में बंधे। सभी जोड़ों का अपने–अपने धर्म और रीति–रिवाजों के अनुसार विवाह हुआ। इनमें हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध और विषेष पिछड़ी जनजातियों के जोड़े भी शामिल हैं। योजना के तहत प्रत्येक नवविवाहित दंपति को पैंतीस हजार रुपये की सहायता दी जाती है।

वहीं, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सक्ती जिले में सत्तर और गौरैला पेंड्रा मरवाही जिले में बहत्तर जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। गौरैला पेंड्रा मरवाही जिले के कार्यक्रम में विशेष रूप से चार बैगा आदिवासी परिवारों के जोड़े आकर्षण का केंद्र रहे। महिला और बाल विकास विभाग के अधिकारी अमित सिन्हा ने बताया कि विभाग बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान को बढ़ावा देने के साथ ही जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है।

**<u>आईएएस–संशोधन आदेश</u>**

राज्य सरकार ने बीते छह मई को भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के कार्यभार में फेरबदल का आदेश जारी किया था। इसमें संशोधन करते हुए वर्ष दो हजार सोलह बैच की आईएएस अधिकारी रोक्तिमा यादव को कोरिया जिले का कलेक्टर नियुक्त किया गया है। इससे पहले, जारी आदेश में रोक्तिमा यादव को उच्च शिक्षा के आयुक्त के पद पर पदस्थ किया गया था। वहीं, आईएएस अधिकारी पुष्पा साहू को माध्यमिक शिक्षा मण्डल के सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। इसी तरह, आईएएस अधिकारी रीता यादव को उच्च शिक्षा के आयुक्त के पद पर पदस्थ किया गया है।

**<u>शिक्षक–कार्रवाई</u>**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हायर सेकेंडरी परीक्षा दो हजार पच्चीस की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लापरवाही बरतने वाले तीस शिक्षकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मंडल द्वारा जारी आदेष में संबंधित शिक्षकों को अगले तीन वर्षों के लिए मंडल के विभिन्न कार्यों से ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के दौरान कई छात्रों के अंकों में बीस से चालीस तक की बढ़ोतरी सामने आई। इसे गंभीर त्रुटि मानते हुए मंडल ने जांच के बाद संबंधित शिक्षकों पर कार्रवाई की है। मंडल ने संबंधित शिक्षकों की एक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोकने की भी अनुशंसा की है।

**<u>राज्यपाल–रेडक्रॉस दिवस</u>**

अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आज लोकभवन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष राज्यपाल रमेन डेका से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, छत्तीसगढ़ शाखा के चेयरमैन तोमन साहू एवं अन्य पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान पदाधिकारियों ने राज्यपाल को रेडक्रॉस का बैज पहनाकर अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत

देशभर सहित छत्तीसगढ़ में कल नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान न्यायालय में लंबित मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा। वहीं, इक्कीस से तेईस अगस्त के बीच सर्वोच्च न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत के माध्यम से भी लंबित मामलों पर सुनवाई की जाएगी। पक्षकारों को अपने लंबित मामलों को विषेष लोक अदालत में शामिल करने के लिए जानकारी सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाईट पर इकतीस मई तक गुगल फॉर्म में देना होगा। अधिक जानकारी के लिए बार रूम के वन स्टाप सेंटर या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर से सम्पर्क किया जा सकता है।

## आकाशवाणी–मैराथन

आकाशवाणी ने राष्ट्र के प्रति अपनी विशिष्ट सेवा के नब्बे वर्ष के उपलक्ष्य में आज राष्ट्रीय राजधानी में मैराथन का आयोजन किया। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी और आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन ने इस मैराथन को रवाना किया।

इस अवसर पर प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विदी ने कहा कि मैराथन के माध्यम से फिटनेस का संदेश जनता तक पहुंचाया जा रहा है।

**आकाशवाणी में आयोजित किये जा रहे हैं। हमारे पूरे देश में जितने भी स्टेशन हैं, जो देश में फिटनेस की एक मूवमेंट माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर आरंभ हुई है। उसका संदेश भी लोगों तक ले जाने के लिए ये उस कड़ी में एक कदम था।**

आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन ने बताया कि यह आयोजन सार्वजनिक प्रसारक के रूप में आकाशवाणी द्वारा देश की सेवा में किए गए योगदान को दर्शाता है।

**ब्रॉडकास्टर होने के नाते जब इस तरह का कार्यक्रम हम करते हैं तो इसका संदेश दूर–दूर तक, सुदूर प्रदेश तक पहुंचता है। और यह बहुत बड़ा उदाहरण होगा। देशभर में जो हमारे 232 मुख्य केंद्र हैं, उन पर ये आयोजन इस महीने आयोजित होगा।**

## अवैध पेड़ कटाई–जांच

धमतरी–जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीस के चौड़ीकरण कार्य में बड़ी लापरवाही सामने आई है। वन विभाग की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि स्वीकृत एलाइनमेंट से बाहर जाकर आठ हजार से अधिक पेड़ों की कटाई की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

वर्ष दो हजार सत्रह में इस परियोजना के लिए बालोद, कांकेर, कोंडागांव और बस्तर जिलों की चार सौ दो हेक्टेयर से अधिक वन भूमि के उपयोग की अनुमति दी गई थी। केशकाल वनमंडल में दस हजार सात सौ इकतीस पेड़ काटने की मंजूरी मिली थी। जांच समिति ने पाया कि आठ हजार से अधिक पेड़ स्वीकृत क्षेत्र से बाहर काटे गए। वन विभाग ने जिम्मेदार तत्कालीन अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेज दिया है।

## दुर्घटना

कोरबा जिले में बीती रात राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–एक सौ तीस पर बांगो थाना क्षेत्र के चोटिया के पास हुए सड़क हादसे में एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के पूर्व महाप्रबंधक अरुण कुमार त्यागी का निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, अरुण कुमार त्यागी को हाल ही में डायरेक्टर टेक्निकल के महत्वपूर्ण पद पर पदोन्नत किया गया था। वह अपनी इस नई जिम्मेदारी को संभालने के लिए कार द्वारा गेवरा से सिंगरौली जा रहे थे। इसी दौरान चोटिया के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे एक पार्सल वाहन से टकरा गई। इस दुर्घटना में श्री त्यागी गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में उपचार के दौरान उन्होंने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

वहीं, जांजगीर–चांपा जिले के बलौदा के हरदीबाजार रोड में आज कोयले से भरे ट्रेलर के पलटने से मोटर साइकिल सवार पुरुष और महिला इसकी चपेट में आ गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक फरार बताया जा रहा है। उधर, सक्ती जिले के नंदेली गांव के बस स्टैंड के पास कल देर रात दो वाहनो में भिड़ंत होने से कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई है। इस हादसे में अमाकोनी गांव के सरपंच ओमकार चंद्रा सहित चार लोग घायल हुए हैं।

**धान खरीदी–गड़बड़ी**

जांजगीर–चाम्पा जिले में तीन धान खरीदी केंद्रों कीरित, कड़ारी और बिर्रा में करीब चार हजार सात सौ क्विंटल धान का गबन किया गया है, जिसकी कीमत एक करोड़ उनतीस लाख रुपये बताई जाती है। मामले के सामने आने के बाद तीन थानों – नवागढ़, बिर्रा और बाराद्वार में सात कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें संस्था प्रबंधक, खरीदी प्रभारी, ऑपरेटर और हमाल शामिल है। सभी आरोपी फरार बताए जाते हैं।

**वनोपज संरक्षण वाणी**

वन मंत्री केदार कश्यप ने आज नवा रायपुर में "छत्तीसगढ़ वनोपज संरक्षण वाणी" और आईवीआरएस आधारित सूचना और संवाद तंत्र का शुभारंभ किया। वनोपज संग्राहकों को जानकारी प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर **नौ आठ एक–एक–एक दो पांच आठ एक तीन** (9811125813) पर एक मिस्ड कॉल करना होगा। मिस्ड कॉल के बाद नौ–एक–एक (911) से शुरू होने वाले नंबर से उपयोगकर्ता को कॉल बैक आएगा। कॉल रिसीव करते ही संग्राहक अपनी स्थानीय बोली जैसे – हल्बी और गोंडी में महत्वपूर्ण जानकारियां सुन सकेंगे। जानकारी सुनने के साथ ही उपयोगकर्ता अपनी राय, अनुभव और सुझाव भी रिकॉर्ड कर सकेंगे। बाजार भाव और मूल्य संवर्धन की सही जानकारी मिलने से बिचौलियों पर निर्भरता कम होगी और संग्राहकों की आय बढ़ेगी।

**गांजा–बरामद**

महासमुंद पुलिस, एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स और कोमाखान पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आज एक एंबुलेंस से सतहत्तर किलो गांजा जब्त किया है। ये गांजा ओडिशा से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था। इस मामले में महाराष्ट्र के पांच अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गांजा परिवहन में प्रयुक्त एंबुलेंस, पायलेटिंग कार और पांच मोबाइल फोन समेत कुल पचास लाख पैंतालीस हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है।

**मौसम**

प्रदेश में कल एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कल कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने और गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। हवा की गति तेज रहने के आसार है।

**संक्षिप्त समाचार**

– छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड ने अपने अधिकारी–कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में केन्द्र सरकार की तरह दो प्रतिशत की बढ़ोतरी का ऐलान किया है।

– सोशल मीडिया पर रिश्वत के लेनदेन का वीडियो वायरल होने के बाद दुर्ग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने पटवारी लेकेश्वर सिंह ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

– रायपुर जिले के धरसीवां विकासखंड के ग्राम पंचायत गोढ़ी में पक्षियों के पुनर्वास और संरक्षण के लिए सात दिवसीय 'समर कैंप' का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>